**CIRCULAR**

**Circular no: PFRDA/2024/12/Sup-CRA/06** **14th June 2024**

To
All stakeholders under the NPS

**Subject: NPS/APY Functionalities released by CRAs during Quarter III & IV (FY 2023-24)**

The CRAs registered with Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA), continuously enhance their systems to meet the needs of NPS/APY architecture.

2. As part of their ongoing efforts to fulfil their obligations and benefit subscribers & stakeholders, CRAs are responsible for developing new functionalities, establishing new processes, and offering multiple models of interfaces for the uploading offices. These initiatives provide maximum flexibility in terms of operation for the benefit of the stakeholders.

3. The functionalities developed by CRAs during Quarter III & IV of FY 2023-24, aimed at improving user experience and operational ease, are provided in Annexures I, II, and III of this Circular.

4. This circular is placed on the PFRDA website's intermediary section for easy access by all stakeholders.

Yours sincerely,

Chief General Manager



ई–500, टॉवर–ई, पांचवां तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029
दूरभाष: 91–11–40717900, वेबसाइट: www.pfrda.org.in
E-500, Tower-E, Fifth Floor, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi-110029
Phone: 91-11-40717900, Website: www.pfrda.org.in

## Annexure I - Functionalities released by CAMS CRA during Q3 & Q4 of FY 2023-24

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 1 | Reinvestment of Returned Funds and My withdrawal Module ( MWM) | Funds lying in Trustee bank account due to mismatch in bank details for more than 30 days will be reinvested in PRAN with last investment choice opted by Subscriber.<br>Through the MWM, the subscribers can claim back the amount by providing the necessary details. | Enabling Subscribers to earn market linked returns on the returned corpus due to unsuccessful transactions |
| 2 | Mandatory Penny drop verification - Instant Bank Account Verification | Bank verification with name matching has to be successful for processing the Exit / Withdrawal requests and also for modifying the subscriber's bank account details. | Enhanced Due Diligence |
| 3 | Payment Receipt – Download facility to POPs and subscribers | An option has been given to PoPs and subscribers to download acknowledgment receipts of registration / contribution anytime under their login. | Convenience and ease of access |
| 4 | Subscriber KYC download facility to POPs | PoPs can download KYC of the subscribers that was extracted for account opening as well as the updated KYC of the subscribers along with the logs under *Downloads> KYC Proof-Registration, KYC Modification log.* | Enhanced facility to PoP |
| 5 | Bank account verification status | Subscribers can check the penny drop and name matching verification status of their Bank account through their login before placing exit/withdrawal request. | Subscribers can avoid the inconvenience while withdrawal funds and on hold due to failed bank verification. |
| 6 | Mobile/Email linked to multiple PRANs | Mandate for Subscriber to provide a unique mobile number in their NPS account to place any withdrawal/exit request.<br>Subscriber will not be able to withdraw their funds / exit from NPS if the given Mobile/Email is linked with multiple PRANs. | Enhanced security. |

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
| --- | --- | --- | --- |
| 7 | CRA portability with KFintech CRA | Inter-CRA shifting module between CAMS and KCRA implemented and subscribers can now port their PRANs between the two CRAs. | Portability of NPS accounts between CRAs |
| 8 | Partial Withdrawal through PoP/Nodal Office | Subscribers tagged to Government / PoPs need to submit partial withdrawal requests through their respective Nodal Office / PoP for authorization. | Compliance with regulations. |
| 9 | Bulk CSRF download to PoP | Bulk CSRF download enabled for PoPs from their logins. | Convenience to PoPs |
| 10 | Change of Pension Fund and Investment choice exclusively through subscriber login. | The Subscriber can now change their Pension Fund and investment choice through their login credentials only. | Enhanced security. |
| 11 | Choice of Multi-Pension Fund to subscriber after 3 months of registration. | Subscribers are now allowed to opt for multiple Pension Funds under Active Choice investment after three months from the date of NPS account opening. | Additional investment option for subscribers |
| 12 | Multiple Pension Fund Manager selection for different schemes in Tier II | Subscriber can now select Multiple Pension Fund Managers in Active Choice investment under Tier-II. | Additional investment option for subscribers |

## Annexure II - Functionalities released by KFin Technologies CRA during Q3 &Q4 of FY 2023-24

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 1 | Contribution- AML Declaration on eNPS | AML declaration to be confirmed by subscriber on eNPS Contribution page before selection of mode of payment and Payment Gateway Service Provider (PGSP) | Compliance with regulations |
| 2 | Reinvestment of Returned Funds and My withdrawal Module (MWM) | Reinvestment of Fund lying in Trustee bank account due to mismatch in bank details for more than 30 days will be reinvested in PRAN with last investment choice opted by Subscriber. Through the MWM, the subscribers can reclaim the amount by providing the necessary details and bank account number. | Enabling Subscribers to earn market linked returns on the returned corpus due to unsuccessful transactions |
| 3 | Integration with ASPs | APIs enhancement for ASP for:<br><br>- Annuity request confirmation.<br>- Reverse Information flow<br>- Subscriber Annuity KYC Documents | Ease of Issuance of Annuity |
| 4 | Exit & Withdrawal/Bank details modification- Penny drop Implementation | Bank verification with name matching has to be successful for processing the Exit / Withdrawal requests and also for modifying the subscriber's bank account details. | Enhanced Due Diligence. |
| 5 | Change of POP by the Subscribers under All Citizens Model | Subscriber can now capture online request for POP change through login. This POP change request will flow to target POP for authorisation. Post the authorisation by target POP, the PRAN will be mapped to target POP | Convenience and ease of shifting POPs for the benefit of subscribers |
| 6 | Changes in Demography of Subscribers | Subscriber can now change the Marital and Gender status from subscriber login and can also submit physical request to Nodal offices, who will capture and authorize the request.<br>For Govt sector, the request needs to be authorized by the Nodal office. | Convenience to subscribers |
| 7 | Mandatory Upload of Documents during change requests. | Subscriber while submitting the change request (Form S2) to Nodal Office, the supporting document / proof to be uploaded mandatorily along with application form while initiating request in CRA system by Nodal Office. | Enhanced security and robust record keeping |

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 8 | Exit & Withdrawal | Subscribers tagged to Government / PoPs need to submit partial withdrawal requests through their respective Nodal Office / PoP for authorization. | Compliance with regulations |
| 9 | Inter CRA subscriber shifting | Inter-CRA shifting module between KCRA and other CRAs implemented | Convenience of Portability of NPS accounts across CRAs |
| 10 | Unique mobile and email id for Subscribers | Any update in Subscriber Mobile, Email and Bank account, CRA system will now check for its uniqueness during modification. | Enhanced security |
| 11 | Exit & Withdrawal | Subscribers will now be informed on monthly basis about the Pending Requests viz withdrawal, changes requested in their Account etc. | Part of Subscriber communication. |
| 12 | CRA login through Aadhaar | Additional security features through Aadhaar-based authentication for accessing to the CRA system in implemented. | Enhanced security |
| 13 | Option for multiple Pension Funds | Subscribers are now allowed to opt for multiple PF option under Active Choice investment after three months from the date of NPS account opening | Choice of Investment |

## Annexure III - Functionalities released by Protean CRA during Q3 & Q4 of FY 2023-24

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 1 | Bank verification with name matching | Bank verification with name matching has to be successful for processing the Exit / Withdrawal requests and also for modifying the subscriber's bank account details. | Enhanced Due Diligence |
| 2 | Revamp of Annuity Calculator | Annuity Calculator revamped with the following features.<br>-Option to filter Annuity Service Providers (ASPs) while fetching ASP quotes based on name or value<br>-Option to view ASP quotes only for selected ASPs | Facilitate informed decision making |
| 3 | NPS Lite / APY – Online Withdrawal facility | The Online screen-based facility implemented for PoPs for processing of Death withdrawal requests along with bank details verification through penny drop (with mandatory name verification). | Ease of Submission of claims and faster processing of claims |
| 4 | NPS Regular / NPS Lite / APY – Improvement in document upload facility at the time of exit | The limit for document upload has been increased from 2 MB to 5 MB at the time of initiation of below mentioned withdrawal requests:<br>- Pre-Mature Exit<br>- Superannuation<br>- Incapacitation | Ease of upload of documents and timely processing of claims. |
| 5 | NPS Regular - Bank Details Modification | Facility has been provided in Nodal Office login to upload Bank details as per their HRIMS system. | Nodal Office will be able to provide & update salary bank details of their underlying Subscribers through Bulk processing |
| 6 | Unique Mobile/ email during Withdrawal of NPS | Mandate for Subscriber to provide a unique mobile number in their NPS account during withdrawal/exit | Enhanced security |
| 7 | NPS Lite Withdrawal - Penny Drop & mandatory name verification | Penny Drop (mandatory name verification) implemented in case of NPS Lite for the following:<br><br>1. Withdrawal on death<br>2. Partial Withdrawal | Enhanced due diligence |

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 8 | NPS Lite - Subscriber Registration | Penny Drop (mandatory name verification) has been implemented in case of registration for GDS Subscribers | Enhanced due diligence |
| 9 | eNPS - Subscriber Registration | Changes in eNPS portal:<br><br>1. Revamped UI/UX<br><br>2. eSign/Dual OTP Authentication prior to contribution at the time Subscriber Registration<br><br>3. Implementation of penny drop bank details verification at the time of Subscriber registration.<br><br>4. Implementation of LC 50 as default scheme option | Enhanced Subscriber on-boarding journey |
| 10 | Inter CRA functionality for checking uniqueness of Mobile and email | New PAN enquiry API created for checking PAN across all CRAs along with existence of duplicate Mobile Number, Email ID and Bank Account or combination of the same entered/provided by POPs in PCRA | Compliance with Guidelines of PFRDA |
| 11 | NPS Regular - Subscriber Details Modification | Salary Bank account flag has been introduced for Govt. Subscribers at Bank details modification module | Enhanced due diligence |
| 12 | NPS Regular - Scheme Preference Change | Subscribers are now allowed to opt for multiple PF option under Active Choice investment after three months from the date of NPS account opening | Choice of Investment |
| 13 | NPS Regular - Subscriber Details Modification | The changes are made at the time of registration through eNPS and screen based OPGM module and Subscriber details modification process:<br><br>1. Renamed the label "Income Range" to "Annual Income Range"<br><br>2. Annual Income Range field is made mandatory<br><br>3. Renamed the label "Address" to "Current Address" | Compliance with Regulations |

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 14 | Changes at the time of processing of Family/Disability Pension | Changes at the time of processing of Family/Disability Pension requests has been implemented:<br><br>1. Bifurcation of Employer-Employee Contribution.<br><br>2. Implementation of Penny Drop with mandatory name match to verify bank details of the Subscriber/Claimant. | Compliance with Regulations |
| 15 | NPS Regular - Login | Additional security features through Aadhaar-based authentication for login to the CRA for Nodal Offices has been implemented.<br><br>Login through Aadhaar has been made mandatory | Securing the access framework |
| 16 | NPS Lite - Security | Password Policy has been changed which will contain following:<br>8 to 16 characters<br>At least 1 upper case (A-Z)<br>At least 1 lower case (a-z)<br>At least 1 numbers (0-9)<br>At least 1 special characters out of these (!@#$^&*~)<br>No Space character | Change in password policy to enhance security of NPS access framework |
| 17 | NPS Regular - Withdrawal | Systematic Lumpsum Withdrawal (SLW) implemented at the time of Superannuation. On Superannuation, the option has been made available to redeem NPS corpus (only lumpsum portion) on periodic intervals. Subscriber can select amount which he/she wants to receive on periodic basis or Age upto which one wants to receive amount on periodic basis. | Optimizing Retirement Income |
| 18 | Facility to check Bank account prior to exit/withdrawal. | Subscribers through their login can check the verification status of their Bank account before placing exit/withdrawal request. The option has been enabled in Subscriber's login to verify existing bank details through penny drop | Facility to verify Bank Account and name matching before exit |
| 19 | Claim ID at the time of pre mature withdrawal | In case of All citizen Subscribers, Claim ID now gets generated at the time of initiation of Premature exit withdrawal request as per guidelines. | Ease of pre mature withdrawal |

| Sr. No. | Name of the Functionality | Description | Impact / Benefit |
|---|---|---|---|
| 20 | Changes in NPS Transaction Statement | Financial Year XIRR value in Transaction Statement has been removed from the following:<br><br>1. Online Transaction Statement<br>2. IVR statement<br>3. Monthly Statement. In order to improve the depiction of returns generated for the investments made in the NPS (for new accounts), financial year XIRR has been removed and only "Return on Investment" since inception displayed | Improved depiction of Investment Returns |
| 21 | NPS Regular - Subscriber Details Modification | Introduction of separate option to update following fields along with mandatory document upload:<br><br>1. Name Change<br>2. Date of Joining<br>3. Date of Birth<br>4. Date of Retirement.<br><br>• It is mandatory to select & upload supporting documents while updating Name, Date of Joining, Date of Birth and Date of Retirement of the Subscriber.<br><br>• This will ensure that correct details updated in CRA records with valid documents. | Compliance with Guidelines |
| 22 | NPS Regular - Subscriber Details View - FATCA | Addition of FATCA Details in the subscriber details view in CRA login. Subscriber will be able to view FATCA details at "Personal Details" view in their login | Compliance with Regulations and guidelines |

**परिपत्र**

**परिपत्र संख्या : पीएफआरडीए/2024/12/एसयूपी-सीआरए/06** **14 जून 2024**

प्रति,

एनपीएस के अंतर्गत सभी हितधारक

**विषय : वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी एवं चौथी तिमाही के दौरान सीआरए द्वारा जारी एनपीएस/एपीवाई कार्यप्रणालियाँ**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा पंजीकृत सीआरए, एनपीएस/एपीवाई स्थापत्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी प्रणालियों को लगातार सुदृढ़ करते हैं।

2. अपने दायित्वों को पूरा करने और अभिदाताओं एवं हितधारकों को लाभान्वित करने के लिए जारी प्रयासों के भाग के रूप में, सीआरए नई कार्यप्रणालियाँ विकसित करने, नई प्रक्रियाएं स्थापित करने और अपलोडिंग कार्यालयों के लिए इंटरफेस के कई मॉडल पेश करने के लिए उत्तरदायी हैं। ये सभी पहलें हितधारकों के लाभ के लिए परिचालन के संदर्भ में अधिकतम लचीलापन प्रदान करती हैं।

3. वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही के दौरान सीआरए द्वारा विकसित की गईं कार्यप्रणालियाँ इस परिपत्र के अनुलग्नक I, II और III में प्रदान की गई हैं। इनका उद्देश्य उपयोगकर्ता के अनुभव को बेहतर बनाना और परिचालन को आसान बनाना है।

4. यह परिपत्र सभी हितधारकों तक आसान पहुंच के लिए पीएफआरडीए की वेबसाइट के मध्यवर्ती अनुभाग में रखा गया है।

भवदीय,

मुख्य महाप्रबंधक



ई–500, टॉवर–ई, पांचवां तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029
दूरभाषः 91–11–40717900, वेबसाइटः www.pfrda.org.in
E-500, Tower-E, Fifth Floor, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi-110029
Phone: 91-11-40717900, Website: www.pfrda.org.in

**अनुलग्रक I - वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही के दौरान सीएएमएस सीआरए द्वारा जारी की गई कार्यप्रणालियाँ**

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 1 | लौटाई गई धनराशि का पुनर्निवेश और मेरा निकासी मॉड्यूल (एमडब्ल्यूएम) | बैंक विवरण में विसंगति के कारण ट्रस्टी बैंक के खाते में 30 दिनों से अधिक समय तक पड़ी धनराशि को अभिदाता द्वारा चुने गए अंतिम निवेश विकल्प के साथ स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) में पुनर्निवेश किया जाएगा।<br>एमडब्लूएम के माध्यम से अभिदाता आवश्यक विवरण प्रदान करके राशि वापस लेने का दावा कर सकते हैं। | असफल लेनदेन के कारण लौटाए गए कोष (कॉर्पस) पर बाजार से जुड़े रिटर्न अर्जित करने के लिए अभिदाता को सक्षम बनाना । |
| 2 | अनिवार्य पेनी ड्रॉप सत्यापन - तत्काल बैंक खाते का सत्यापन | निकास/आहरण अनुरोधों को संसाधित करने और अभिदाता के बैंक खाते के विवरण को भी संशोधित करने के लिए नाम के मिलान के साथ बैंक सत्यापन सफल होना चाहिए। | यथोचित सावधानी प्रक्रिया में बढ़ोतरी हुई। |
| 3 | पीओपी और अभिदाताओं को भुगतान रसीद डाउलोड करने की सुविधा | पीओपी और अभिदाताओं को उनके लॉगिन से किसी भी समय पंजीकरण/ अंशदान की पावती रसीदें डाउनलोड करने का एक विकल्प दिया गया है । | सुविधा और पहुंच में आसानी । |
| 4 | पीओपी को अभिदाता के केवाईसी की डाउनलोड सुविधा | पीओपी उन अभिदाताओं की केवाईसी डाउनलोड कर सकते हैं, जो खाता खोलने के लिए रखी गई थीं और साथ ही अभिदाताओं की अद्यतन केवाईसी डाउनलोड्स के अंतर्गत दिए गए लॉग्स से डाउनलोड कर सकते हैं।<br>*डाउनलोड> केवाईसी प्रमाण- पंजीकरण, केवाईसी संशोधन लॉग।* | पीओपी की सुविधा में वृद्धि हुई। |
| 5 | बैंक खाता सत्यापन की स्थिति | अभिदाता निकास/आहरण का अनुरोध करने से पहले अपने लॉगिन के माध्यम से अपने बैंक खाते की पेनी ड्रॉप और नाम मिलान के सत्यापन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। | अभिदाता धन निकासी के दौरान होने वाली असुविधा और असफल बैंक सत्यापन के कारण रूकावट से बच सकते हैं। |
| 6 | कई प्रान से जुड़े मोबाइल/ ईमेल | किसी भी आहरण / निकास का अनुरोध करने के लिए अभिदाताओं को अपने एनपीएस खाते से जुड़े एक विशिष्ट मोबाइल संख्या प्रदान करने का अध्यादेश।<br>यदि दिया गया मोबाइल/ईमेल कई प्रान से जुड़ा हुआ है तो अभिदाता अपनी धनराशि नहीं निकाल पाएगा/ एनपीएस से आहरण नहीं कर पाएगा। | सुरक्षा में वृद्धि हुई। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र सं** | **कार्यप्रणाली का नाम** | **विवरण** | **प्रभाव/लाभ** |
| 7 | केफिनटेक सीआरए के साथ सीआरए सुवाह्यता (पोर्टेबिलिटी) | सीएएमएस और केसीआरए के बीच अंतर-सीआरए शिफ्टिंग मॉड्यूल लागू किया गया है और अभिदाता अब अपने प्रान को दोनों सीआरए के बीच पोर्ट कर सकते हैं। | सीआरए के बीच एनपीएस खातों की सुवाह्यता (पोर्टेबिलिटी) |
| 8 | पीओपी / नोडल कार्यालय के माध्यम से आंशिक प्रत्याहरण | सरकार/पीओपी से टैग किए गए अभिदाताओं को आंशिक निकासी का अनुरोध अपने संबंधित नोडल कार्यालय/पीओपी के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा, जिससे उसको अधिकृत किया जा सके । | विनियमों का अनुपालन। |
| 9 | पीओपी पर थोक सीएसआरएफ डाउनलोड | पीओपी के लिए उनके लॉगिन से थोक सीएसआरएफ डाउनलोड सक्षम किया गया। | पीओपी को सुविधा । |
| 10 | अभिदाता लॉगिन के माध्यम से पेंशन फंड और निवेश विकल्प में विशेष रूप से बदलाव। | अभिदाता अब केवल अपने लॉगिन विवरण (क्रेडेंशियल) के माध्यम से अपनी पेंशन फंड और निवेश विकल्प को बदल सकते हैं। | सुरक्षा में वृद्धि हुई। |
| 11 | पंजीकरण के 3 महीने बाद अभिदाताओं को बहु-पेंशन निधियों का विकल्प । | अभिदाताओं को अब एनपीएस खाता खोलने की तारीख से तीन महीने के बाद सक्रिय चयन निवेश के अंतर्गत कई पेंशन निधियाँ चुनने की अनुमति है। | अभिदाताओं के लिए अतिरिक्त निवेश विकल्प । |
| 12 | टियर II में विभिन्न स्कीमों के लिए बहु-पेंशन निधि प्रबन्धक का चयन | अभिदाता अब टियर-II के अंतर्गत सक्रिय चयन निवेश में बहु-पेंशन निधि प्रबन्धकों को चुन सकते हैं। | अभिदाताओं के लिए अतिरिक्त निवेश विकल्प । |

**अनुलग्नक II - वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही के दौरान केफिन टेक्नोलॉजीज़ सीआरए द्वारा जारी की गई कार्यप्रणालियाँ**

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 1 | अंशदान-ईएनपीएस पर एएमएल घोषणा | भुगतान की पद्धति और भुगतान गेटवे सेवा प्रदाता (पीजीएसपी) के चयन से पहले ईएनपीएस अंशदान पृष्ठ पर अभिदाताओं द्वारा एएमएल घोषणा की पुष्टि की जानी चाहिए। | विनियमों का अनुपालन । |
| 2 | लौटाई गई निधियों का पुनर्निवेश और मेरा निकासी मॉड्यूल (एमडब्ल्यूएम) | बैंक विवरण में विसंगति के कारण ट्रस्टी बैंक के खाते में 30 दिनों से अधिक समय तक पड़ी निधि का पुनर्निवेश अभिदाताओं द्वारा चुने गए अंतिम निवेश विकल्प के साथ स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्रान) में किया जाएगा।<br>एमडब्लूएम के माध्यम से अभिदाता आवश्यक विवरण और बैंक खाता संख्या प्रदान करके राशि को पुनः प्राप्त कर सकते हैं। | असफल लेनदेन के कारण लौटाए गए कोष (कॉर्पस) पर बाजार से जुड़े रिटर्न अर्जित करने के लिए अभिदाताओं को सक्षम बनाना । |
| 3 | एएसपी के साथ एकीकरण | एएसपी के लिए एपीआई में वृद्धि निम्नलिखित के लिए है :<br>- वार्षिकी अनुरोध की पुष्टि।<br>- विपरीत सूचना प्रवाह<br>- अभिदाता वार्षिकी केवाईसी दस्तावेज़ | वार्षिकी जारी करने में आसानी । |
| 4 | निकास एवं प्रत्याहरण/बैंक विवरण संशोधन-पेनी ड्रॉप कार्यान्वयन | निकास/प्रत्याहरण के अनुरोधों को संसाधित करने और अभिदाताओं के बैंक खाते के विवरण को भी संशोधित करने के लिए नाम के मिलान के साथ बैंक सत्यापन सफल होना चाहिए। | यथोचित सावधानी प्रक्रिया में बढ़ोतरी हुई। |
| 5 | सर्व नागरिक मॉडल के अंतर्गत अभिदाताओं द्वारा पीओपी में बदलाव | अभिदाता अब लॉगिन के माध्यम से पीओपी में बदलाव के लिए ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं। इस पीओपी बदलाव के अनुरोध को लक्षित पीओपी को अधिकृत करने के लिए भेजा जाएगा। लक्षित पीओपी द्वारा अधिकृत करने के बाद प्रान को लक्षित पीओपी पर मैप किया जाएगा । | अभिदाताओं के लाभ के लिए पीओपी को स्थानांतरित करने की सुविधा और आसानी |
| 6 | अभिदाताओं की जनसांख्यिकी में परिवर्तन | अभिदाता अब अपने लॉगिन से वैवाहिक और लैंगिक स्थिति को बदल सकता है और नोडल कार्यालयों के पास भौतिक रूप में भी अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है। ये कार्यालय अनुरोध को प्राप्त करेंगे और उसे अधिकृत करेंगे।<br>सरकारी क्षेत्र के लिए अनुरोध को नोडल कार्यालय द्वारा अधिकृत किया जाना आवश्यक है। | अभिदाताओं को सुविधा । |

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 7 | परिवर्तन अनुरोधों के दौरान दस्तावेज़ों को अनिवार्य रूप से अपलोड करना। | नोडल कार्यालय में परिवर्तन का अनुरोध (फॉर्म एस2) जमा करते समय नोडल कार्यालय द्वारा सीआरए प्रणाली में अनुरोध शुरू करते समय अभिदाताओं को आवेदन पत्र के साथ सहायक दस्तावेज/प्रमाण अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। | संवर्धित सुरक्षा और मजबूती से रिकॉर्ड का रखरखाव। |
| 8 | निकास एवं प्रत्याहरण | सरकार/पीओपी से टैग किए गए अभिदाताओं को अधिकृत करने के लिए आंशिक आहरण अनुरोध अपने संबंधित नोडल कार्यालय/पीओपी के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। | विनियमों का अनुपालन। |
| 9 | अंतर सीआरए अभिदाता स्थानांतरण | केसीआरए और अन्य सीआरए के बीच अंतर-सीआरए स्थानांतरण मॉड्यूल लागू किया गया। | सीआरए में एनपीएस खातों की सुवाह्यता (पोर्टेबिलिटी) की सुविधा। |
| 10 | अभिदाताओं के लिए विशिष्ट मोबाइल और ईमेल आईडी | अभिदाताओं के मोबाइल, ईमेल और बैंक खाते में किसी भी अद्यतन स्थिति (अपडेट) की विशिष्टता के लिए जांच सीआरए प्रणाली अब संशोधन के दौरान करेगी। | सुरक्षा में वृद्धि हुई। |
| 11 | निकास एवं प्रत्याहरण | अभिदाताओं को अब लंबित अनुरोधों जैसे आहरण, उनके खाते में बदलावों के लिए किए गए अनुरोध आदि के बारे में मासिक आधार पर सूचित किया जाएगा। | अभिदाता संचार का हिस्सा। |
| 12 | आधार के माध्यम से सीआरए लॉगिन | सीआरए प्रणाली तक पहुंच के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाएँ लागू की गईं। | सुरक्षा में वृद्धि हुई। |
| 13 | कई पेंशन निधियों का विकल्प | अभिदाताओं को अब एनपीएस खाता खोलने की तारीख से तीन महीने के बाद सक्रिय विकल्प निवेश के अंतर्गत कई पेंशन निधियों के विकल्प चुनने की अनुमति है। | निवेश का विकल्प |

## अनुलग्नक III - वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी और चौथी तिमाही के दौरान प्रोटीयन सीआरए द्वारा जारी की गई कार्यप्रणालियाँ

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम मिलान के साथ बैंक सत्यापन | निकास/आहरण के अनुरोधों को संसाधित करने और अभिदाता के बैंक खाते के विवरणों को संशोधित करने के लिए भी नाम मिलान के साथ बैंक सत्यापन सफल होना चाहिए। | समुचित सावधानी में सुधार हुआ। |
| 2 | वार्षिकी परिकलक (कैलकुलेटर) में संशोधन | वार्षिकी परिकलक (कैलकुलेटर) को निम्नलिखित सुविधाओं के साथ संशोधित किया गया।<br>-नाम या मूल्य के आधार पर एएसपी उद्धरण प्राप्त करते समय वार्षिकी सेवा प्रदाताओं (एएसपी) को फ़िल्टर करने का विकल्प ।<br>- केवल चयनित एएसपी के लिए एएसपी उद्धरण देखने का विकल्प । | सूचित निर्णय लेने में सहायक । |
| 3 | एनपीएस लाइट/एपीवाई - ऑनलाइन प्रत्याहरण सुविधा | पेनी ड्रॉप (अनिवार्य रूप से नाम सत्यापन के साथ) के माध्यम से बैंक विवरणों के सत्यापन के साथ मृत्यु पर आहरण अनुरोधों के प्रसंस्करण के लिए पीओपी हेतु ऑनलाइन स्क्रीन-आधारित सुविधा लागू की गई है। | दावों को प्रस्तुत करने में आसानी और दावों का तेजी से प्रसंस्करण । |
| 4 | एनपीएस नियमित / एनपीएस लाइट / एपीवाई - निकास के समय दस्तावेज़ अपलोड करने की सुविधा में सुधार | निम्नलिखित आहरण अनुरोधों की शुरुआत के समय दस्तावेज़ अपलोड करने की सीमा को 2 एमबी से बढ़ाकर 5 एमबी कर दिया गया है :<br>- समयपूर्व निकास<br>- सेवानिवृत्ति<br>- अक्षमता | दस्तावेज़ों को अपलोड करने में आसानी और दावों का समय पर प्रसंस्करण। |
| 5 | एनपीएस नियमित - बैंक विवरण संशोधन | बैंक विवरणों को उनके एचआरआईएमएस प्रणाली के अनुसार अपलोड करने के लिए नोडल कार्यालय लॉगिन में सुविधा प्रदान की गई है। | नोडल कार्यालय थोक प्रसंस्करण के माध्यम से अपने महत्वपूर्ण अभिदाताओं के वेतन बैंक विवरण प्रदान करने और उन्हें अद्यतन करने में सक्षम होगा । |
| 6 | एनपीएस के आहरण के दौरान विशिष्ट मोबाइल/ईमेल | अभिदाता को आहरण/निकासी के दौरान अपने एनपीएस खाते में एक विशिष्ट मोबाइल संख्या प्रदान करने का आदेश। | सुरक्षा में वृद्धि हुई। |

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 7 | एनपीएस लाइट प्रत्याहरण - पेनी ड्रॉप और अनिवार्य नाम सत्यापन | निम्नलिखित के लिए एनपीएस लाइट के मामले में पेनी ड्रॉप (अनिवार्य नाम सत्यापन) लागू किया गया है :<br>1. मृत्यु पर आहरण<br>2. आंशिक आहरण | समुचित सावधानी में सुधार हुआ। |
| 8 | एनपीएस लाइट – अभिदाता का पंजीकरण | जीडीएस अभिदाताओं के लिए पंजीकरण के मामले में पेनी ड्रॉप (अनिवार्य नाम सत्यापन) लागू किया जा चुका है | समुचित सावधानी में सुधार हुआ। |
| 9 | ईएनपीएस – अभिदाता पंजीकरण | ईएनपीएस पोर्टल में बदलाव :<br><br>1. यूआई/यूएक्स को संशोधित किया<br><br>2. अभिदाता पंजीकरण के समय अंशदान से पहले ई-हस्ताक्षर/दोहरा ओटीपी प्रमाणीकरण<br><br>3. अभिदाता-पंजीकरण के समय पेनी ड्रॉप बैंक विवरण सत्यापन का कार्यान्वयन।<br><br>4. डिफ़ॉल्ट योजना विकल्प के रूप में एलसी 50 का कार्यान्वयन | अभिदाता की ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया में बढ़ोतरी |
| 10 | मोबाइल और ईमेल की विशिष्टता की जाँच के लिए अंतर सीआरए कार्यप्रणाली | डुप्लिकेट मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और बैंक खाते के अस्तित्व या पीसीआरए में पीओपी द्वारा दर्ज/प्रदान किए गए संयोजन के साथ सभी सीआरए में पैन की जांच के लिए नई पैन पूछताछ एपीआई बनाई गई। | पीएफआरडीए के दिशानिर्देशों का अनुपालन |
| 11 | एनपीएस नियमित – अभिदाता के विवरण में संशोधन | बैंक विवरण संशोधन मॉड्यूल में सरकारी अभिदाताओं के लिए वेतन बैंक खाता चिह्नित करने की शुरुआत की गई है। | समुचित सावधानी में सुधार हुआ। |
| 12 | एनपीएस नियमित - योजना प्राथमिकता में परिवर्तन | अभिदाताओं को अब एनपीएस खाता खोलने की तारीख से तीन महीने के बाद सक्रिय विकल्प निवेश के अंतर्गत कई पीएफ विकल्प चुनने की अनुमति दी गयी है । | निवेश का विकल्प |

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 13 | एनपीएस नियमित – अभिदाता के विवरण में संशोधन | ईएनपीएस और स्क्रीन आधारित ओपीजीएम मॉड्यूल तथा अभिदाता विवरण संशोधन प्रक्रिया के माध्यम से पंजीकरण के समय परिवर्तन किए जाते हैं और अभिदाता विवरण में संशोधन की प्रक्रिया इस प्रकार है :<br>1. "आय रेंज" शीर्षक को बदलकर "वार्षिक आय रेंज" किया गया ।<br>2. वार्षिक आय रेंज फील्ड को अनिवार्य बनाया गया।<br>3. "पता" शीर्षक को बदलकर "वर्तमान पता" किया गया। | विनियमों का अनुपालन |
| 14 | परिवार/विकलांगता पेंशन के संसाधन के समय परिवर्तन | परिवार/विकलांगता पेंशन के अनुरोधों का संसाधन करते समय होने वाले परिवर्तन को लागू किया जा चुका है :<br>1. नियोक्ता-कर्मचारी अंशदान का विभाजन।<br>2. अभिदाता / दावेदार के बैंक विवरण को सत्यापित करने के लिए अनिवार्य नाम मिलान के साथ पेनी ड्रॉप का कार्यान्वयन। | विनियमों का अनुपालन |
| 15 | एनपीएस नियमित-लॉगिन | नोडल कार्यालयों के लिए सीआरए में लॉगिन के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से अतिरिक्त सुरक्षा विशेषताएँ लागू की जा चुकी हैं। आधार के माध्यम से लॉग-इन करना अनिवार्य कर दिया गया है । | पहुंच के ढाँचे को सुरक्षित किया गया है। |
| 16 | एनपीएस लाइट – सुरक्षा | पासवर्ड नीति बदल दी गई है, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:<br>8 से 16 अक्षर<br>कम से कम 1 अपर केस (A-Z)<br>कम से कम 1 लोअर केस (a-z)<br>कम से कम 1 संख्या (0-9)<br>इनमें से कम से कम 1 विशेष वर्ण (!@#$^&*~) कोई स्पेस कैरेक्टर नहीं | एनपीएस पहुँच ढांचे की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पासवर्ड नीति में बदलाव |
| 17 | एनपीएस नियमित – आहरण | सेवानिवृत्ति के समय व्यवस्थित एकमुश्त निकासी (एसएलडब्ल्यू) को लागू किया गया। सेवानिवृत्ति पर, आवधिक अंतराल पर एनपीएस कॉर्पस (केवल एकमुश्त भाग) को विमोचित करने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। अभिदाता उस राशि का चयन कर सकता है, जिसे वह आवधिक आधार पर प्राप्त करना चाहता है या उस आयु का चयन कर सकता है, जब तक वह आवधिक आधार पर राशि प्राप्त करना चाहता है। | सेवानिवृत्ति आय को इष्टतम बनाना |

| क्र सं | कार्यप्रणाली का नाम | विवरण | प्रभाव/लाभ |
|---|---|---|---|
| 18 | निकास /आहरण से पहले बैंक खाते की जांच करने की सुविधा। | अभिदाता अपने लॉगिन के माध्यम से निकास/आहरण अनुरोध करने से पहले अपने बैंक खाते के सत्यापन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। पेनी ड्रॉप के माध्यम से मौजूदा बैंक विवरण सत्यापित करने के लिए अभिदाता के लॉगिन में विकल्प को सक्षम किया जा चुका है । | निकास से पहले बैंक खाते और नाम मिलान को सत्यापित करने की सुविधा । |
| 19 | समयपूर्व (प्री मेच्योर) आहरण के समय दावा आईडी | सर्व-नागरिक अभिदाताओं के मामले में, दिशानिर्देशों के अनुसार दावा आईडी अब परिपक्वता से पहले निकासी आहरण अनुरोध की शुरुआत के समय उत्पन्न हो जाती है। | समयपूर्व आहरण में आसानी |
| 20 | एनपीएस लेनदेन के विवरण में परिवर्तन | लेन-देन विवरण में वित्तीय वर्ष XIRR के मान को निम्नलिखित में से हटा दिया गया है:<br>1. ऑनलाइन लेनदेन विवरण<br>2. आईवीआर स्टेटमेंट<br>3. मासिक विवरण. एनपीएस (नए खातों के लिए) में किए गए निवेशों के लिए उत्पन्न रिटर्न के चित्रण को बेहतर बनाने के लिए, वित्तीय वर्ष XIRR को हटा दिया गया है और शुरुआत से केवल "निवेश पर रिटर्न" प्रदर्शित किया गया है। | निवेश रिटर्न का बेहतर चित्रण |
| 21 | एनपीएस नियमित – अभिदाता के विवरण का संशोधन | अनिवार्य दस्तावेज़ अपलोड के साथ-साथ निम्नलिखित क्षेत्रों को अद्यतन करने के लिए अलग विकल्प की शुरूआत :<br>1. नाम परिवर्तन<br>2. ज्वाइनिंग की तारीख़<br>3. जन्म तिथि<br>4. सेवानिवृत्ति की तारीख़ ।<br>• अभिदाता का नाम, ज्वाइनिंग की तारीख़, जन्म तिथि और सेवानिवृत्ति की तारीख़ को अद्यतन करते समय सहायक दस्तावेज़ों का चयन और अपलोड करना अनिवार्य है।<br>• इससे यह सुनिश्चित होगा कि सीआरए के रिकॉर्ड में वैध दस्तावेज़ों के साथ सही विवरण अद्यतन किए गए हैं। | दिशानिर्देशों का अनुपालन |
| 22 | एनपीएस नियमित – अभिदाता विवरण व्यू – विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (एफएटीसीए) | सीआरए लॉगिन में अभिदाता विवरण व्यू में एफएटीसीए विवरण जोड़ना । अभिदाता अपने लॉगिन में "व्यक्तिगत विवरण" व्यू में एफएटीसीए विवरण देख सकेंगे । | विनियमों और दिशानिर्देशों का अनुपालन |